गंदगी ▶ सफाई व्यवस्था ठप, प्रबंधन की लापरवाही से श्रमिकों में आक्रोश

# जमुना-कोतमा क्षेत्र की कॉलोनियों में गंदगी का अंबार



**कोतमा नवभारत 11 अक्टूबर।** स्वच्छता पखवाडा के बावजूद भी कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र की कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रबंधन और सिविल विभाग की लापरवाही के चलते कर्मियों और उनके परिवारों को गंदगी, कीचड़, बदबू और सीपेज के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय निवासियों ने बताया कि एसईसीएल प्रबंधन की उदासीनता के कारण कॉलोनियों की हालत दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। सूत्रों के अनुसार एसईसीएल प्रबंधन की सुस्ती और सिविल कार्यों के टेंडर जारी नहीं होने से सभी कॉलोनियों में मरम्मत व सफाई कार्य ठप पड़े हैं। कई वर्षों से न तो व्हाइट वॉशिंग हुई है और न ही नालियों की सफाई। गंदगी के कारण कॉलोनियों में रहने वाले अधिकांश परिवारों में कोई न कोई सदस्य बीमार है।

### कई बार शिकायतें दर्ज कराई

कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन अब तक प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मेहनतकश श्रमिक जो अपनी मेहनत से कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचा रहे हैं, वही आज गंदगी और दुर्दशा के बीच जीवन व्यतीत करने को विवश हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल प्रबंधन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

### कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

जानकारी मिली है कि मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारी अक्टूबर माह में क्षेत्र का दौरा करने वाले हैं। श्रमिकों ने समाचार पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि अधिकारी कॉलोनियों का औचक निरीक्षण कर वहां की बजबजाती नालियां और रुके पड़े सिविल कार्यों की वास्तविक स्थिति स्वयं देखें। कर्मचारियों ने चेतावनी दी यदि जल्द ही सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो नाराज किसी भी दिन बड़े आंदोलन के लिए मजबूर हो सकते हैं।

# पंचायत सदस्य के भाई को बस ने कुचला




▶ हालत गंभीर, बिलासपुर के अस्पताल में चल रहा है ईलाज

**अनूपपुर, नवभारत 11 अक्टूबर।** जैतहरी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पास शनिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भूपेंद्र सिंह के भाई धीरेन्द्र सिंह अपने दोपहिया वाहन से ग्राम लहरपुर स्थित स्कूल में पढ़ाने जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही जय श्रीराम ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 18 पी 0787 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि धीरेन्द्र सिंह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर कर दिया।

### पुलिस ने बस को कब्जे में लिया

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त बस चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाया, जिससे यह दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि यह बस नगर परिषद जैतहरी अध्यक्ष उमंग गुप्ता के नाम से रजिस्टर्ड है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस को अपने कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

### लोगों में आक्रोश

स्थानीय लोगों में इस हादसे को लेकर आक्रोश व्याप्त है, वहीं परिजनों ने चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घायल धीरेन्द्र सिंह, जो भूपेंद्र सिंह के पांचवें भाई बताए जा रहे हैं, फिलहाल गंभीर रूप से घायल अवस्था में बिलासपुर के अस्पताल में उपचाररत हैं।

## एक नजर में



### जबलपुर संभाग की टीम बनी चैम्पियन

**अमरकंटक, नवभारत 11 अक्टूबर।** 69वीं शालेय राज्य स्तरीय सेपक टाकरा बालक/बालिका प्रतियोगिता का समापन शनिवार 11 अक्टूबर को हुआ। यह प्रतियोगिता जिला शिक्षा विभाग अनूपपुर के तत्वावधान में 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक बालक-कन्या क्रीड़ा परिसर में आयोजित की गई थी।

प्रदेश के 8 संभागों शहडोल, उज्जैन, सागर, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, भोपाल और जनजातीय संभाग से आए 240 खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जबलपुर संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जनजातीय संभाग को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तीन राउंड तक चले इस रोमांचक संघर्ष में जबलपुर संभाग ने अपनी उत्कृष्ट टीम भावना से विजयी पताका फहराई।

**बालक अण्डर 14 में जनजातीय संभाग बना विजेता**

प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से खेली गई, जिसमें परिणाम इस प्रकार रहे बालक 14 वर्ष वर्ग में प्रथम जनजातीय संभाग, द्वितीय भोपाल संभाग, तृतीय शहडोल संभाग, बालक 17 वर्ष वर्ग प्रथम जनजातीय कार्य संभाग, द्वितीय सागर संभाग, तृतीय शहडोल संभाग, बालक 19 वर्ष वर्ग में प्रथम जबलपुर संभाग, द्वितीय जनजातीय संभाग, तृतीय इंदौर संभाग, बालिका 14 वर्ष वर्ग में प्रथम जनजातीय कार्य संभाग, द्वितीय शहडोल संभाग, तृतीय भोपाल संभाग, बालिका 17 वर्ष वर्ग में प्रथम जनजातीय कार्य संभाग, द्वितीय इंदौर संभाग, तृतीय शहडोल संभाग रहा।

### आवारा पशुओं को मिला सुरक्षा कवच

**अमरकंटक,नवभारत ।** बजरंग दल द्वारा एक सराहनीय सामाजिक अभियान की शुरुआत की गई है। नगर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और आवारा पशुओं की असुरक्षा को देखते हुए दल के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के गले में चमकदार रेडियम पट्टियां बांधने का अभियान आरंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य है कि रात के अंधेरे में भी पशु स्पष्ट रूप से दिखाई दें और वाहन चालकों को समय रहते सावधानी बरतने का अवसर मिले। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल केनगर प्रखंड अध्यक्ष अंकुश द्विवेदी ने बताया कि हम हर रात नगर की गलियों और मार्गों पर घूमकर आवारा पशुओं के गले में यह सुरक्षा कवच बांध रहे हैं। हमारा उद्देश्य न केवल पशुओं की रक्षा करना है बल्कि वाहन चालकों को भी सतर्क बनाना है ताकि किसी की जान पर न बन आए। दल के सभी कार्यकर्ताओं ने बीती रात भी अभियान चलाकर सैकड़ों गायों, बैलों और बछड़ों के गले में रेडियम पट्टियां बांधीं।

विश्वहिंदू परिषद और बजरंगदल अमरकंटक के नगर प्रखंड अध्यक्ष अंकुश द्विवेदी ने और भी बताया कि अमरकंटक जैसे तीर्थस्थल में जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक आते जाते हैं , वहाँ यह अभियान सड़क सुरक्षा के साथ करुणा का भी संदेश है।

# सुनील बने कांग्रेस के सहायक प्रभारी

▶ सतना शहर विधानसभा एवं सिंगरौली जिले का कार्य देखेंगे



**अनूपपुर, नवभारत।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से कोतमा विधानसभा के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील सराफ को सतना शहर विधानसभा का प्रभारी तथा सिंगरौली जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे घर-घर और सार्वजनिक जनसंपर्क अभियान के तहत यह नियुक्तियाँ की जा रही हैं, ताकि कांग्रेस की विचारधारा और योजनाओं को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुंचाया जा सके। प्रभारी बनाए जाने पर सुनील सराफ ने संगठन और नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं कांग्रेस संगठन और नेतृत्व का हार्दिक धन्यवाद करता हूं। पार्टी द्वारा सौंपे गए इस दायित्व को मैं पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाऊंगा।

### जनसंपर्क अभियान को सफल बनाना लक्ष्य : सराफ

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और जनसंपर्क अभियान को सफल बनाना ही मेरा प्रमुख लक्ष्य रहेगा। सुनील सराफ को नया दायित्व मिलने पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी, रियाज अहमद, पिछड़ा वर्ग आयोग के जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजन राठौड़, धर्मेंद्र सोनी, संजय सोनी सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# लगातार बारिश से धान की फसल पर संकट

धान की बालियां झुक चुकी हैं, फसल कटाई के लिए तैयार, किसान चिंतित



**अनूपपुर, नवभारत 11 अक्टूबर।** थाड़ी खेती, गाभिन गाय, मुंह आवै तब आपन आय, किसानों के अनुभव और दर्द को व्यक्त करने वाली यह कहावत आज के हालातों में सटीक बैठती है। लगातार हो रही बारिश ने जिले के खेतों में खड़ी धान की फसल को संकट में डाल दिया है।

धान की बालियां झुक चुकी हैं, फसल कटाई के लिए तैयार है, लेकिन आसमान से बरसते पानी ने खेतों को कीचड़ में बदल दिया है। किसानों की मेहनत से लहलहाते खेत अब चिंता का कारण बन गए हैं। पानी से भरे खेतों में फसल सड़ने लगी है, जिससे उपज पर भारी असर पड़ने की आशंका है। मौसम विभाग की ओर से अगले कुछ दिनों तक बारिश की संभावना जताई जा रही है, जिसने किसानों की नींद उड़ा दी है।

### सालभर की मेहनत का फल खेत में लटक गया

अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी, देवहरा, डूमरकछार, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक बिजुरी सहित आसपास के क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि इस बार फसल बेहद अच्छी थी, लेकिन अब बे-मौसम बारिश ने मेहनत पर पानी फेरने का डर पैदा कर दिया है। किसानों ने कहा कि सालभर की मेहनत का फल खेत में लटक गया है, अगर बारिश नहीं रुकी तो फसल काटने लायक नहीं बचेगी।

### फसल खराब होने का खतरा

महंगाई ने भी किसानों की चिंता को दोगुना कर दिया है। खाद, बीज, डीजल और मजदूरी के बढ़ते दाम पहले ही जेब ढीली कर चुके हैं, ऊपर से फसल खराब होने का खतरा उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा कर रहा है। खेती हमेशा से जोखिम का धंधा रही है, लेकिन इस साल की लगातार बारिश ने यह साबित कर दिया कि जब तक फसल घर के गोदाम में नहीं पहुंचती, तब तक किसान की मेहनत अधूरी रहती है।



# नियम तोड़ने वालों को दी समझाइश

▶ रोको-टोको अभियान यातायात नियमों का पालन कराने का एक प्रयास

**अनूपपुर, नवभारत 11 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में अनूपपुर यातायात पुलिस द्वारा संचालित रोको टोको अभियान लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात अनुशासन को बढ़ावा देना और आमजन में नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना है। शनिवार को शहर के मुख्य चौक और बाजार क्षेत्र में यातायात पुलिस टीम ने वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों के पालन की अपील की। इस दौरान हेलमेट पहनने वाले, सीट बेल्ट लगाने वाले और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने वाले चालकों का चॉकलेट देकर सम्मान किया गया और उनकी जिम्मेदारी की सराहना की गई। बिना हेलमेट, ओवरलोड वाहन चलाने वाले या मोबाइल पर बात करते पाए गए चालकों को रोका गया और उन्हें नियमों के महत्व के बारे में समझाइश दी गई।

# राष्ट्र विरोधी ताकतों का करे मुकाबला : डॉ . शर्मा



राष्ट्रीय स्वयं सेवकों का निकला पथ संचलन, पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत

**कोतमा नवभारत 11 अक्टूबर।** कोतमा खंड अंतर्गत सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सेवकों द्वारा पथ संचलन आयोजित किया गया। दोपहर को संघ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा ठाकुर बाबा धाम में एकत्र होकर नगर के विभिन्न मार्गों से पथ संचलन का कारवां गुजरा।

सभी स्वयं सेवकों द्वारा देश भक्ति के गीत जैसे... देश है पुकारता, पुकारती मां भारती... भला हो जिसमे देश का वो काम सब किये चलो... गाते हुए नगर की सड़कों पर निकले जिनका जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पथ संचलन करते हुए स्वयंसेवकों का कारवाँ ठाकुर बाबा धाम, बंजारा, जकीरा चौक, आज़ाद चौक , सरस्वती स्कूल रोड गहरवार तिराहा ,स्टेशन चौक, पुराना अस्पताल, सब्जी मंडी रोड, पुराना स्टेट बैंक चौक, गांधी चौक, आजाद चौक, बेरियल रोड, बस स्टैंड होकर मंगल भवन पहुंची।

### एकता व अखंडता का लिया संकल्प

कार्यक्रम में जिला प्रचारक, खंड कार्यवाहक, नगर कार्यवाहक सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कई लोग आए थे। विभाग प्रचारक डॉ. बृजेश शर्मा द्वारा उपस्थित सभी स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए समर्पित रहने का संकल्प दिलाया। सभी लोग ऐसा कार्य करे, जिसमें देश का भला हो। अनुशासन और एकजुट होकर राष्ट्र एवं समाज विरोधी ताकतों का डटकर कर मुकाबला करे।



# सैकड़ों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

▶ बूथ समितियों की बैठक में विकसित भारत के निर्माण का लिया संकल्प

**अनूपपुर, नवभारत 11 अक्टूबर।** पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दमेहड़ी मंडल में भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तरीय संगठनात्मक बैठकों का दौर जारी है। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में एवं जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी सिद्धार्थ शिव सिंह के नेतृत्व में 10 अक्टूबर को विभिन्न बूथ समितियों की बैठकें संपन्न हुईं।

भाजपा महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह अपने मंडल प्रवास के दौरान बूथ क्रमांक 192 ग्राम पंचायत केकरिया, बूथ क्रमांक 200 एवं 201 ग्राम पंचायत पड़रिया के कुम्हारवार पहुंचे, जहां उन्होंने बूथ समितियों की परिचयात्मक एवं कामकाजी बैठकें लीं। बैठकों में मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह मरावी, मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह धुर्वे, भाजपा जिला मंत्री राजेश सिंह सिरोठिया, राजेन्द्रग्राम मंडल अध्यक्ष जागेश्वर चंद्रवंशी, मंडल उपाध्यक्ष विजय सिंह पट्टा, वरिष्ठ नेता पतिराम यादव, महिला मोर्चा की पार्वती सहित बूथ समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।

### राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की गई

बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ सशक्तिकरण और आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों की सैकड़ों महिलाएं एवं युवाओं ने भाजपा का अंग वस्त्र धारण कर सदस्यता ग्रहण की और पार्टी के साथ जुड़ने का संकल्प लिया। भाजपा में शामिल हुए ग्रामीणों ने कहा कि वे केंद्र की मोदी सरकार और मध्य प्रदेश की मोहन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र की दिशा और दशा दोनों बदल रही हैं, इसलिए वे अब पार्टी के साथ मिलकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे।

पूजन ▶ करवा चौथ पर जिले में दिखा उल्लास और आस्था का अद्भुत संगम

# पूजन और चाँद देखने के बाद सुहागिनों ने तोड़ा व्रत

**अनूपपुर, नवभारत 11 अक्टूबर।** कार्तिक मास की चतुर्थी को मनाया जाने वाला सुहाग का पावन पर्व करवा चौथ गुरुवार को पूरे जिले में श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख अपने पति की लंबी उम्र और सुखमय जीवन की कामना की।

सुबह से ही महिलाओं ने दिनभर पूजा की तैयारियों में समय बिताया। पारंपरिक परिधान धारण कर सोलह श्रृंगार से स्वयं को सजाया और हाथों में मेंहदी रचाई। शाम होते ही घरों और मंदिरों में करवा चौथ की पूजा-अर्चना आरंभ हुई। जगह-जगह महिलाओं ने सजाई हुई करवा थालियों के साथ माता गौरी और भगवान शिव-पार्वती की आराधना की।




### छलनी से चांद और पति के किए दर्शन

जैसे-जैसे रात गहराने लगी, वैसे-वैसे चांद के दीदार का इंतजार बढ़ता गया। महिलाएं छतों पर पहुंचकर छलनी से चांद और पति के दर्शन कर व्रत का पारायण किया। पति ने प्रेमपूर्वक जल पिलाकर व्रत तुड़वाया और मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर बाजारों में भी दिनभर जबरदस्त रौनक रही। मेंहदी आर्टिस्टों के स्टॉल, साड़ी और श्रृंगार सामग्री की दुकानें तथा मिठाई बाजारों में खरीदारों की भीड़ देखी गई।

### सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती है : सुमिता

राज नगर निवासी सुमिता शर्मा ने बताया कि करवा चौथ व्रत की खासियत यह है कि इसमें परंपरा के साथ उत्सव का रंग गहराई से जुड़ा होता है। सुबह 'सरगी' से इस व्रत की शुरुआत होती है, जो सास अपनी बहू को सूर्योदय से पहले देती है। इसके बाद बहुएं दिनभर निर्जला व्रत रखती हैं, शाम को कथा कहती हैं और रात्रि में चाँद व पति की पूजा कर व्रत पूरा करती हैं।

### व्रत पति-पत्नी के प्रेम को और गहराई देता है : रजनी

राज नगर निवासी मृगनयनी सिंह (रजनी सिंह) का कहना है कि करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के प्रेम को और गहराई देता है। सुहागिन महिलाएँ इस दिन का सालभर इंतजार करती हैं। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि पति के सुखमय जीवन के लिए नारी की श्रद्धा और तप का प्रतीक है। करवा चौथ कोई समारोह नहीं, बल्कि प्रेम और विश्वास का पर्व है।